परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

Atomic Energy Education Society

टर्म-I/Term –I/Examination- 2025-26

कक्षा /Class- सातवीं/ VII अवधि/Duration : 3 घण्टे/Hours

विषय /Subject- हिंदी/Hindi (द्वितीय भाषा) अधिकतम अंक (Max. Marks) - 80 अंक

सामान्य निर्देश -

1 . इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।

2 . सभी खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 . यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए ।

खण्ड - क (14 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए-

(7x1=7)

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा

अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हाव-भाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

(क) शिक्षक होता है -

(i) राजनेता (ii) साहित्यकार (iii) अभिनेता (iv) कवि

(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?

(i) अप्रचलित (ii) प्रचलित (iii) क्लिष्ट (iv) रहस्यमयी

(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?

(i) सोच-समझकर (ii) ज्यादा (iii) बिना सोचे-समझे (iv) तुरंत

(घ) बातचीत में आदान-प्रदान होता है-

(i) केवल विचारों का (ii) केवल भाषा का

(iii) केवल व्यक्तित्व का (iv) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(ड़) सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को बनाते हैं ?

(i) बड़बोला (ii) बातूनी (iii)अहंवादी (iv) उदात्त एवं महान

(च) शिक्षक किसका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं ?

(i) नेताओं का (ii) अभिनेता का (iii) विद्यार्थियों का (iv) प्रशासक का

(छ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है -

(i) बातचीत की कला (ii) शब्दों का चयन

(iii) साहित्यिक भाषा (iv) व्यक्तित्व का प्रभाव

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए -

(7x1=7)

अम्बर बने सुखों की चादर, धरती बने बिछोना।

मिट्टी से सोना उपजाओ, इस मिट्टी से सोना।

यह मिट्टी जगती की जननी, इसको करो प्रणाम।

कर्मयोग के साधक बनना, हो सेवा का ही काम।

हाली उठा हाथ से हल को, बीज प्रेम के बोना।

चना, मटर, जौ, धान, बाजरा और गेहूँ की बाली।

मिट्टी से सोना बन जाती, भर-भर देती थाली।

दूध-दही पी-पी मुस्काये, मेरा श्याम सलोना

हीरा, मोती, लाल, बहादुर, कह-कह तुम्हें पुकारें।

खुशहाली घर में लाए, बिगड़ी दशा सुधारें।

(क) अम्बर किसकी चादर बने ?

(i) दुखों (ii) दास्तानों (iii) भावनाओं (iv) सुखों

(ख) यह मिट्टी किसकी जननी है ?

(i) जगती (ii) माता (iii) पिता (iv) पुत्र

(ग) हाली किस वस्तु को उठाने की प्रेरणा देता है ?

(i) सोना (ii) बंदूक (iii) हल (iv) किताब

(घ) ' ---------- के साधक बनना। पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये -

(i) हठयोग (ii) भक्तियोग (iii) कर्मयोग (iv) ज्ञानयोग

(ङ) श्याम सलोना क्या-क्या पी कर मुस्कुराता है?

(i) लस्सी (ii) दूध (iii) दही (iv) दूध-दही

(च) खुशहाली हर घर में लाए, बिगड़ी दशा ----

(i) सुधारें (ii) सँवारें (iii) बनाएँ (iv) बिगाड़ें

(छ) मिट्टी से क्या बन जाता है? -

(i) सोना (ii) चाँदी (iii) धन (iv) वस्त्र

खण्ड - ख (20 अंक)

प्रश्न 3. प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - (20×1=20)

1 - 'सदय' का विलोम शब्द है -

क - अभय ख - उदय ग - निर्दय घ - सादर

2 - 'रक्षक' का विलोम शब्द है -

क - भक्षक ख - तक्षक ग - शिक्षक घ - भिक्षुक

3 - 'फूल' का पर्यायवाची शब्द है -

क - पुष्प ख - अनल ग - पावक घ - पाषाण

4 - 'अनूठा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

क - काला ख - सुंदर ग - कोमल घ - निराला

5 - फूल प्रतीक है -

क - नकारात्मकता का ख- सकारात्मकता का ग - बुराई का घ- बड़ाई का

6 - वाक्य के समाप्त होने पर लगाया जाने वाला चिह्न कहलाता है -

क - अल्पविराम ख - अर्द्धविराम ग - योजक घ - पूर्णविराम

7 - 'कक्षा में **<u>बत्तीस</u>** बच्चे हैं' वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन-सा विशेषण है-

क - परिमाणवाचक ख - संख्यावाचक ग - सार्वनामिक घ - गुणवाचक

8 - 'श्याम-तन' में 'तन' शब्द क्या है -

क - क्रियाविशेषण ख - क्रिया ग - समास घ - विशेष्य

9 - 'पक्षी' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है_ -

क - संज्ञा ख - विशेषण ग - क्रिया घ - सर्वनाम

10 - अल्पविराम का चिह्न है -

क - (" ") ख - (।) ग - (,) घ - (!)

11 - हमने तो तुम्हारे ऊँट----- देखा तक नहीं । (रिक्त स्थान भरिए)

क - पर ख - से ग - ने घ - को

12 - भाइयों ----- परेशान होते हुए कहा । (रिक्त स्थान भरिए)

क - के लिए ख - जो ग - ने घ - को

13 - सूरज का समानार्थी शब्द है -

क - प्रकाश ख - भास्कर ग - मेघ घ - समीर

14 - भाप का समानार्थी शब्द है -

क - वाष्प ख - दिवाकर ग - दिनकर घ - नीरज

15 - प्रदेश में 'प्र' है -

क - प्रत्यय ख - सर्वनाम ग - क्रियाविशेषण घ - उपसर्ग

16 - निम्नलिखित में संज्ञा शब्द है -

क - सुधाकर ख - खेलना ग - पढ़ना घ - लिखना

17 - संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं ?

क - क्रिया ख - अव्यय ग - उपसर्ग घ - विशेषण

18 - प्रकृति से संबंधित शब्द है -

क - शहर ख - सेहरा ग - उपवन घ - शत्रु

19 - बुद्धि से संबंधित शब्द है -

क - मस्तिष्क ख - नाक ग - मुँह घ - जीभ

20 - 'माँ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

क - जननी ख - माता ग - अम्मा घ - दादी

<u>खण्ड - ग (36 अंक)</u>

प्रश्न-4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

एक समय की बात है एक निर्धन व्यक्ति के तीन बेटे थे । वह प्राय: अपने बेटों से कहता- "मेरे बेटों! हमारे पास न तो रुपया-पैसा है और न ही सोना-चाँदी । इसलिए तुम्हें एक दूसरे प्रकार का धन संचित करना चाहिए- हर वस्तु और स्थिति को पूर्णत: समझने और जानने का प्रयास करो । कुछ भी तुम्हारी दृष्टि से बच न पाए । रूपए-पैसे के स्थान पर तुम्हारे पास पैनी दृष्टि होगी और सोने-चाँदी के स्थान पर तीव्र बुद्धि होगी । ऐसा धन संचित कर लेने पर तुम्हें कभी किसी प्रकार की कमी न रहेगी और तुम दूसरों की तुलना में उन्नीस नहीं रहोगे।"

क - निर्धन व्यक्ति के कितने बेटे थे ? (1)

ख - निर्धन व्यक्ति ने अपने बेटों से किस प्रकार का धन संचित करने को कहा ? (2)

ग - "तुम दूसरों की तुलना में उन्नीस नहीं रहोगे" से क्या तात्पर्य है ? (2)

प्रश्न 5. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हैं जनम लेते जगह में एक ही,

एक ही पौधा उन्हें है पालता ।

रात में उन पर चमकता चाँद भी,

एक ही सी रोशनी है डालता ।

मेह उन पर है बरसता एक सा,

एक सी उन पर हवाएँ हैं वहीं ।

पर सदा ही यह दिखाता है हमें,

ढंग उनके एक से होते नहीं ।

क - कविता और कवि का नाम लिखिए | (1)

ख - फूल और काँटे कहाँ जन्म लेते हैं और उन्हें कौन पालता है ? (2)

ग - फूल और काँटे को क्या-क्या चीजें समान रूप से मिलती हैं ? (2)

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए - (3X2=6)

क - आखेटक और बच्चे के पिता के बीच तर्क-वितर्क क्यों हुआ ?

ख - पिता ने बेटों को 'दूसरे प्रकार का धन' संचित करने की सलाह क्यों दी?

ग - 'पानी रे पानी' पाठ में धरती को एक बड़ी गुल्लक क्यों कहा गया है ?

घ - थर्मामीटर का उपयोग किसलिए किया जाता है ?

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 25 से 35 शब्दों में लिखिए-(4X3=12)

क - माँ ने पुत्र से "राहुल, तू निर्णय कर इसका" क्यों कहा?

ख - तीनों भाइयों ने बिना ऊँट को देखे उसके विषय में कैसे बता दिया था?

ग - 'किस तरह कुल की बड़ाई काम दे, जो किसी में हो बड़प्पन की कसर' इन पंक्तियों का अर्थ उदाहरण देकर समझाइए ?

घ - जल चक्र की प्रक्रिया कैसे पूरी होती है?

ङ - अस्पताल में बच्चे को कौन-कौन सी चीजें अच्छी लगीं और क्यों?

प्रश्न 8. निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (2X4=8)

क - "माँ कह एक कहानी" कविता के माध्यम से बच्चों को क्या सीख देने की कोशिश की गई है?

ख - बिना जाँचे किसी को दोषी ठहराने से क्या परिणाम हो सकता है?

ग - पानी बचाने के लिए आप क्या-क्या उपाय कर सकते हैं?

खंड-घ (10 अंक)

प्रश्न 9. खेल सामग्री मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । (5)

अथवा

अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर निमंत्रण-पत्र लिखिए ।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

क. देश प्रेम ख. परिश्रम का महत्त्व

****